# रक्त संबंध

रक्त संबंध/ब्लड रिलेशन सरकारी नौकरी की परीक्षाओं के रीजनिंग सेक्शन के सबसे महत्वपूर्ण टॉपिक में से एक है। आमतौर पर, उन उम्मीदवारों को ब्लड रिलेशन रीजनिंग प्रश्नों को हल करने में कठिनाई होती है जिनकी बुनियादी अवधारणाएं स्पष्ट नहीं हैं, और पारिवारिक संबंधों (Family Relations) के बारे में नहीं जानते हैं।

**ब्लड रिलेशन क्या है?**

ब्लड रिलेशन का अर्थ है दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच का संबंध जो उन्हें जन्म के आधार पर प्राप्त होता है, न कि उनकी शादी या किसी अन्य कारण से। इस प्रकार के प्रश्नों में जानकारी के रूप में संबंधों की एक श्रृंखला दी जाती है और इसी जानकारी के आधार पर उम्मीदवारों से श्रृंखला के दो सदस्यों के बीच रिलेशन (संबंध) पूछा जाता है. तर्क क्षमता में रक्त संबंध प्रश्नों में परिवार के सदस्यों के बीच रक्त संबंध को दर्शाने वाली जानकारी का विश्लेषण शामिल है। यहां कुछ संबंध दिए गए हैं जिनका उपयोग हमेशा रक्त संबंध अध्याय के प्रश्नों में किया जाता है। रीजनिंग़ एबिलिटी में ब्लड रिलेशन के प्रश्नों में परिवार के सदस्यों के बीच ब्लड रिलेशन को दर्शाने वाली जानकारी का विश्लेषण शामिल है।

**रीज़निंग में ब्लड रिलेशन के प्रकार**

रीजनिंग एबिलिटी सेक्शन में दो तरह के ब्लड रिलेशन होते हैं।

**1. पैतृक रक्त संबंध (Paternal Blood Relation)**

**2. मातृ रक्त संबंध (Maternal Blood Relation)**

**1. पैतृक रक्त संबंध (Paternal Blood Relation)**

पितृ पक्ष रक्त संबंध का अर्थ है पिता पक्ष के संबंध जैसे बहन, चाचा, चाची, भाई, दादा-दादी (दादा, दादी), आदि। इस प्रकार के प्रश्नों में पिता, पक्ष संबंध दिए जाते हैं, जिसमें आपको पहले सदस्यों को संबंधित करना होगा और फिर इसे हल करना होगा।

**2. मातृ रक्त संबंध (Maternal Blood Relation)**

मातृ पक्ष के रक्त संबंधों का अर्थ है माँ के पक्ष के संबंध जैसे बहन, भाई, मामा, मामी, भांजा, भांजी, नाना, नानी, आदि। जैसे- एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए, राम ने रोहित से कहा, "उसकी माँ तुम्हारे पिता की इकलौती बेटी है।"

**टिप्स, ट्रिक्स और कॉन्सेप्ट्स**

जैसा कि आप जानते हैं, 'अभ्यास' किसी भी प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए, आपको प्रतियोगी परीक्षाओं में इस विषय पर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए ब्लड रिलेशन के प्रश्नों का अभ्यास करना चाहिए। यहां हमने ब्लड रिलेशन प्रश्नों को हल करने के लिए कुछ टिप्स, ट्रिक्स और अवधारणाएं प्रदान की हैं।

ब्लड रिलेशन प्रश्नों को हल करने के लिए संबंधों की उचित समझ आवश्यक है। कुछ शब्द या संबंध छात्र को भ्रमित करने के लिए जानबूझकर दिए जाते हैं। ये शब्द हैं- जीवनसाथी (Spouse), भाई-बहन (Sibling), अंट (Aunt), अंकल (Uncle) आदि। सबसे पहले इन सभी अवधारणाओं को स्पष्ट करने का प्रयास करें।

हमेशा याद रखें कि आप प्रश्न में दिए गए नाम के आधार पर व्यक्ति के लिंग का अनुमान नहीं लगा सकते हैं।

यदि कथन कहता है कि A, B का पुत्र है, तो B के लिंग का निर्धारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि प्रश्न में उल्लेख न किया गया हो।

ब्लड रिलेशन प्रश्नों की कोडिंग-डिकोडिंग के प्रश्न को हल करने के लिए चित्रात्मक विवरण (Pictorial Description) का उपयोग करें। इससे प्रतीक (Symbols) और संबंध (Relations) स्पष्ट होंगे।

**उदाहरण**

**निर्देश (1-3): दी गयी जानकारियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

**परिवार की तीन पीढ़ियों में आठ व्यक्ति और दो विवाहित जोड़े हैं। P, H का सन-इन-लॉ है, जिसके तीन बच्चे हैं। M, L का नेफ्यू है। W, K का पिता है, जो U की सिस्टर-इन-लॉ है। U, H की इकलौती बेटी है जो N का पिता है। L अविवाहित है। N और K की कोई संतान नहीं है।**

Q1. निम्नलिखित में से कौन W का सन-इन-लॉ है?

(a) U

(b) P

(c) N

(d) K

(e) इनमें से कोई नहीं

Q2. निम्नलिखित में से कौन N की बहन है?

(a) P

(b) U

(c) K

(d) N

(e) इनमें से कोई नहीं

Q3. परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं?

(a) चार

(b) पांच

(c) तीन

(d) छह

(e) दो

**निर्देश (4-6): इनमें से प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित जानकारी पर आधारित है:**

**(i) A % B का अर्थ है A, B की पुत्री है।**

**(ii) A @ B का अर्थ है कि A, B की माता है।**

**(iii) A $ B का अर्थ है A, B का पिता है।**

**(iv) A * B का अर्थ है A, B का पुत्र है।**

**(v) A © B का अर्थ है A, B का भाई है।**

Q4. यदि एक्सप्रेशन 'D@E*K©L%O' सही है, तो निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

(a) O, E की ग्रैंडमदर है

(b) L, E का अंकल है

(c) D, O का सन-इन-लॉ है

(d) E, O की ग्रैंडडाटर है

(e) कोई भी सत्य नहीं है

Q5. यदि एक्सप्रेशन 'L%N$T@U©X*Z' सही है तो निम्नलिखित में से कौन N का दामाद है?

(a) T

(b) Z

(c) U

(d) X

(e) इनमें से कोई नहीं

Q6. यदि व्यंजक 'H©F$E%K@R*F' सही है, तो निम्नलिखित में से कौन सा सत्य नहीं है?

(a) R, H का नेफ्यू है

(b) K, E की मां है

(c) H, E की आंट है

(d) K, H की सिस्टर-इन-लॉ है

(e) सभी सच हैं

## Exercise

**1. एक महिला की तस्वीर की ओर संकेत करते हुए मृणालिनी ने कहा, "उसके बेटे के पिता मेरी माँ के एकलौते दामाद है"। मृणालिनी का उस महिला से क्या रिश्ता है?**

A. बहन

B. माँ

C. कजन

D. इनमें से कोई नहीं

**2. हरि के फोटोग्राफ की ओर इशारा करते हुए विजय कहता है कि "उसकी बहन का पिता मेरी पत्नी की माँ का पति है"। विजय का हरि से क्या रिश्ता है?**

A. भाई

B. जीजा/साला

C. अंकल

D. डाटा अपर्याप्त

**3. एक तस्वीर की ओर संकेत करते हुए सचिन ने कहा "वह मेरे पिता की बहन के पुत्र की ग्रैंडमदर है"। तस्वीर में दर्शाये महिला का सचिन से क्या रिश्ता है?**

A. माता

B. आंट

C. कजिन

D. ग्रैंडमदर

**4. एक महिला की ओर संकेत करते हुए निर्मल ने वहा "वह मेरी पत्नी के ग्रैन्डफादर की एकमात्र संतान की पुत्री है"। इस महिला का निर्मल से क्या रिश्ता है?**

A. पत्नी

B. सिस्टर-इन-ला

C. बहन

D. डाटा अपर्याप्त है

**5. एक फोटोग्राफ की ओर संकेत करते हुए अरूण ने कहा, "वह मेरे भाई के बेटे की पत्नी की पुत्री की माँ है"। अरूण का उस महिला से क्या क्या रिश्ता है?**

A. चाचा
B. बहु
C. चचेरा
D. भाई

**Answer Key**

1. D
2. B
3. D
4. D
5. A

NOTOPEDIA
© 2025 Notopedia All rights reserved.

info@notopedia.com
(mailto:hello@notopedia.com) (mailto:info@notopedia.com)

Material Add Request

Submit Material

School
(https://www.notopedia.com/school-board)

Sarkari Jobs
(https://www.notopedia.com/sarkari-jobs)

Sarkari Exams
(https://www.notopedia.com/sarkari-jobs-exam)

College Exams
(https://www.notopedia.com/college-entrance)

College Search
(https://www.notopedia.com/college-list)

Exam Calendar
(https: //www.notopedia.com/exam-calender)

News
(https: //www.notopedia.com/bulletin-board)

About us
(https: //www.notopedia.com/about-us)

Contact
(https://www.notopedia.com/contact-us)

Legals
(https://www.notopedia.com/legals)

Face
(https://www.facebook.com/Notopedia) (http

Twitter
(https://twitter.com/notopedia) (https://twitte

Ins
(https://www.instagram.com/notopedia/) (ht

You
(https://www.youtube.com/@notopedia) (htt